अब औद्योगिक क्षेत्र में ही होगी जिला उद्योग बंधु की हर बैठक

अमौसी में अगली बैठक कराने के लिए राजी हुए उद्यमी, डीएम रहेंगे मौजूद

तालकटोरा के उद्यमियों ने बिजली कनेक्शन के लिए घूस मांगने की शिकायत की, अमौसी और सरोजनीनगर में सड़क निर्माण के आदेश

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। जिला उद्योग बंधु की बैठक अब हर महीने रोस्टर के हिसाब से किसी न किसी औद्योगिक क्षेत्र में ही होगी। अगली बैठक के लिए अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया को चुना गया है।

कुछ समय से उद्यमी मांग कर रहे थे कि डीएम क्षेत्र में आकर खुद समस्याओं को देखें। जिलाधिकारी डॉ. सूर्यपाल गंगवार ने इसे स्वीकार कर लिया है। बुधवार को इसके अलावा कई शिकायतों व लंबित मामलों को लेकर उद्यमी कलेक्ट्रेट में हुई उद्योग बंधु की बैठक में पहुंचे थे। उद्यमियों का कहना है कि अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्ता ने आश्वासन दिया है कि डीएम के आदेश का पालन होगा।

रुके कामों की रफ्तार तेज करने का आदेश : तालकटोरा औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मो. युनुस सिद्दीकी ने डीएम से कहा, साहब! हमारे यहां नए बिजली कनेक्शन के लिए 50 हजार रुपये घूस मांगी जा रही है। इस पर उन्होंने मौजूद एक्सईएन को मामला देखने और शिकायत का समाधान करने का आदेश दिया। मो. युनुस ने सड़क चौड़ीकरण न होने व अतिक्रमण की समस्या का समाधान न हो पाने पर मामले को एजेंडे से बाहर कर देने के लिए कहा। इस पर डीएम ने संबंधित विभाग के अफसरों को 15 दिन में कार्रवाई कर सूचित करने के निर्देश दिए। साथ ही रुके कामों की रफ्तार तेज करने का भी आदेश दिया। क्षेत्र में नाले के ऊपर नाला न बनाने पर सहमति बन गई है। यहां बड़ा पाइप डाला जाएगा।

जिला उद्योग बंधु की बैठक में डीएम डॉ. सूर्यपाल गंगवार व अन्य। -संवाद

दोहरे टैक्स से कब मिलेगी राहत...

बैठक में आईआईए से विकास खन्ना व वैभव अग्रवाल भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि चिनहट औद्योगिक क्षेत्र से यूपीएसआईडीसी और नगर निगम दोनों ही रखरखाव के एवज में शुल्क वसूल रहे हैं। आखिरकार उद्यमियों को इससे राहत कब मिलेगी। इस पर डीएम ने प्रशासन को पत्र लिखने का निर्देश दिया। विकास खन्ना के मुताबिक, यूपीएसआईडीसी को क्षेत्र नगर निगम को हैंडओवर कर देना चाहिए, पर अभी तक ऐसा हो नहीं सका है।

बारिश से पहले साफ हो जाए नाला

- अमौसी औद्योगिक क्षेत्र से महासचिव रजत मेहरा और सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र के रितेश श्रीवास्तव ने सड़क निर्माण व नाले की सफाई की जरूरत बताई। रजत मेहरा ने बताया कि रोड नंबर एक और चार पर पैचवर्क होना है। डीएम ने बारिश से पहले काम करवाने का निर्देश दिया। रितेश श्रीवास्तव ने बताया कि हमें बारिश से पहले क्षेत्र की सड़क और नाला सफाई का आश्वासन मिला है।
- बैठक में डीएम ने अमौसी, नादरगंज व सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्रों के प्लान, डवलपमेंट रिपोर्ट, बजट आवंटन की कार्यवाही अलग-अलग करने के निर्देश दिए। रितेश श्रीवास्तव की ओर से फिर मुद्दा उठाया गया कि हमारे क्षेत्र का बजट अलग कर दिया जाए और हमें इसकी जानकारी दी जाए। डीएम ने अपर नगर आयुक्त से पूछा तो उन्होंने कहा, 24 को होने वाली बैठक में इस पर फैसला हो जाएगा।

बिजली कटौती को लेकर व्यापारियों ने दिया ज्ञापन

लखनऊ। आलमबाग नटखेड़ा रोड पर आए दिन बाजार में बत्ती गुल हो जाती है। इसे लेकर आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल ने एक्सईएन योगेश जायसवाल से मुलाकात की और बिजली कटौती से हो रही परेशानी के बारे में बताते हुए ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने बताया कि रात 11 बजे अक्सर बिजली गुल हो जाती है। ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा, राजेश बत्रा, रूबल सिंह, नवल अग्रवाल व रवि कुमार आदि थे। (माई सिटी रिपोर्टर)